Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 04-12-2006

Participants : Singh Kunwar Rewati Raman

an>

Title: Need to look into the working of C.G.H.S. dispensaries in the Country.

श्री रेवती रमन सिंह (इलाहाबाद) महोदय, केन्द्रीय सरकार की डिस्पैंसरियों में दवाओं की उपलब्धतता में सुधार की आवश्यकता है। एक ओर पैरास्टिमोल या अन्य कुछ एंटीबायोटिक दवाओं के आगे सरकारी डिस्पैंसरियों में कुछ और नहीं मिलता। दूसरी ओर डायबिटीज के रोगियों के लिए प्राइमरी दवा डायनिल जैसी दवाओं के भी विकल्प खरीदने को संबंधित अधिकारी तत्पर रहते हैं।

यूनानी डिसपैंसरियों में और भी बुरा हाल है। एक तो दवाएं समय पर उपलब्ध नहीं करायी जाती और दूसरा परचेज कमेटी के काम में पारदर्शिता नहीं है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस संबंध में उचित जांच के आदेश जारी करे ताकि दवाइयां समय पर मिल सके।